# राजस्थान करंट अफेयर्स 2026




## 22 June 2026

GK Search Engine
SUBSCRIBE
Follow us:

Yesterday, Quiz:

# Q. राजस्थान के किस टोल प्लाजा में राजस्थान की पहली बहु लेन निर्बाध परिवहन यानी बिना लेन वाली टोल प्रणाली शुरू की गई है?

(A) नेगड़िया टोल प्लाजा
(B) दौलतपुरा टोल प्लाजा
(C) गोमती टोल प्लाजा
(D) इनमें से कोई नही

सार्वजनिक क्षेत्र के भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) ने राष्ट्रीय राजमार्ग-48 के दिल्ली-जयपुर खंड पर दौलतपुरा टोल प्लाजा में राजस्थान की पहली बहु लेन निर्बाध परिवहन यानी बिना लेन वाली टोल प्रणाली शुरू की है।

यह (Multi-Lane Free Flow – MLFF) प्रणाली अवरोधक-रहित टोल पर आधारित है, जिसमें मानवीय हस्तक्षेप न्यूनतम होता है।

इससे वाहन बिना रुके टोल स्थानों से गुजर सकते हैं और यातायात प्रवाह सुगम बनता है।

## Yesterday Revision

0101. राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद द्वारा आयोजित 66वें केंद्रीय आवासीय खेलकूद प्रशिक्षण शिविर का 10 जून से शुरू होकर 30 जून को जयपुर में शुभारंभ हुआ।

02. प्रौद्योगिकी कंपनी फ्लॉक एनर्जी के सहयोग से जयपुर डिस्कॉम ने घरेलू उपभोक्ताओं के एयर कंडीशनर (AC) में नि:शुल्क स्मार्ट आईओटी (IoT) डिवाइस लगाने का पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया है।

03. राजस्थान लोक सेवा आयोग यानी RPSC की कमान कार्यवाहक अध्यक्ष के रूप में लेफ्टिनेंट कर्नल केसरी सिंह को सौंप दी गई है.

04. नागरिक सुरक्षा कोर (Civil Defence Corps): प्रदेश के 8 नए जिलों (बालोतरा, डीडवाना-कुचामन, फलौदी, सलूम्बर, खैरथल-तिजारा, डीग, कोटपूतली-बहरोड़ और ब्यावर

05. हाल ही में राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (RBSE) का नया अध्यक्ष हनुमान सिंह राठौड़ को नियुक्त किया है

**01. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

(A) देश का पहला पंचगव्य चिकित्सा पाठ्यक्रम मोकलावास (जोधपुर) में शुरू हुआ।

(B) इसका उद्घाटन पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत द्वारा किया गया।

**सही विकल्प चुनिए:**

(A) दोनों सत्य हैं (B) केवल A सत्य है

(C) केवल B सत्य है (D) दोनों असत्य हैं

**Important Facts:**

देश का पहला पंचगव्य चिकित्सा पाठ्यक्रम जोधपुर में शुरू हुआ।

- भारतीय परम्परा और आयुर्वेद आधारित चिकित्सा पद्धतियों को बढ़ावा देने के लिए मोकलावास (जोधपुर) में देश का पहला पंचगव्य चिकित्सा पाठ्यक्रम शुरू किया गया है।
- इसका उद्घाटन पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत द्वारा किया गया।

यह पाठ्यक्रम डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्व विद्यालय जोधपुर एवं लक्ष्य पर्यावरण व जन कल्याण संस्था के संयुक्त तत्वावधान में संचालित किया जा रहा है।

- इसके अंतर्गत पंचगव्य के सिद्धांत, औषधि निर्माण, विभिन्न रोगों के उपचार, पंचकर्म पद्धतियों के साथ-साथ मानव स्वास्थ्य एवं जीवन शैली, गो स्वास्थ्य,गोशाला प्रबंधन और गो उत्पाद आधारित स्वरोजगार का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा।।

**02. निम्न कथनों पर विचार कीजिए—**

(1) ) राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 19 जून, 2026 को ONDC डिजिदुकान' (ONDC DigiDukaan) ऐप को आधिकारिक रूप से लॉन्च कर दिया है।

(2) जयपुर व्यापार महासंघ द्वारा आयोजित सम्मेलन में इसका अनावरण किया गया।

**सही विकल्प चुनें**




(A) कथन 1 और 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं
(C) केवल कथन 2 सत्य हैं। (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 19 जून, 2026 को जयपुर के बिड़ला ऑडिटोरियम में आयोजित 'व्यापारिक सम्मेलन एवं महोत्सव' के दौरान 'ONDC डिजिदुकान' (ONDC DigiDukaan) ऐप को आधिकारिक रूप से लॉन्च कर दिया है।
- इस डिजिटल प्लेटफॉर्म का उद्देश्य छोटे और मध्यम व्यापारियों को डिजिटल बाज़ार से जोड़ना और बिना किसी उच्च कमीशन के नए ग्राहकों तक उनकी पहुँच आसान बनाना है।
- जयपुर व्यापार महासंघ द्वारा आयोजित सम्मेलन में इसका अनावरण किया गया। लॉन्च के मौके पर ही 1350 से अधिक व्यापारियों ने इस पर अपना रजिस्ट्रेशन करवाया।
- थोक व्यापार का डिजिटलीकरण: यह प्लेटफॉर्म खुदरा दुकानदारों, थोक विक्रेताओं और मैन्युफैक्चरर्स को एक ही मंच पर जोड़ता है। इससे दुकानदार अपने मोबाइल फोन पर ही उत्पादों को देख सकते हैं, कीमतों की तुलना कर सकते हैं और आसानी से ऑर्डर दे सकते हैं।

**03.राजस्थान में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को राज्य स्तरीय आयोजन कहां किया गया?**

**(A) आबूराज (सिरोही)**

(B) आमेर (जयपुर)

(C) ब्रज (भरतपुर)

(D) इनमें से कोई नही



GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- राजस्थान में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को राज्य स्तरीय आयोजन सिरोही के आबूराज में किया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा इस कार्यक्रम में शामिल हुए
- संयुक्त राष्ट्र महासभा में 11 दिसंबर, 2014 को हर वर्ष 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने के संकल्प को पास किया गया। भारत के इस प्रस्ताव को 193 देशों में से रिकॉर्ड 177 देशों का समर्थन मिला
- 2026 में इस वर्ष 12 वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया है
- थीम :- "Yoga for Healthy Ageing" (योगा फॉर हेल्दी एजिंग)

## 04. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:

(1) राजस्थान और बिहार के बीच यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए 09711 नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन सेवा का शुभारंभ किया गया है,

(B) यह नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन खातीपुरा और दरभंगा के बीच चलेगी

**सही कथन चुनिए:**

(A) केवल कथन 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) कथन 1 व 2 सत्य हैं. (D) सभी कथन असत्य हैं




SEARCH ENGINE

**Important Facts:**

- भारतीय रेलवे ने राजस्थान और बिहार के बीच यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए एक नई राहत की घोषणा की है। 09711 नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन सेवा का शुभारंभ किया गया है, जो खातीपुरा और दरभंगा के बीच चलेगी।
- यह ट्रेन दोनों राज्यों के बीच रेल संपर्क को मजबूत करने के साथ-साथ यात्रियों को सुविधाजनक और किफायती यात्रा विकल्प प्रदान करेगी।
- नई ट्रेन में कुल 22 कोच शामिल हैं, जिनमें 8 स्लीपर श्रेणी के, 11 सामान्य श्रेणी के कोच शामिल हैं
- इस ट्रेन का प्राथमिक अनुरक्षण (मेंटेनेंस) खातीपुरा स्थित नवनिर्मित कोच केयर कॉम्प्लेक्स में किया जाएगा। लगभग 205 करोड़ रुपये की लागत से विकसित इस आधुनिक सुविधा में वंदे भारत, एलएचबी रेक, डेमू तथा अन्य ट्रेनों के अनुरक्षण की व्यवस्था एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई गई है, जिससे परिचालन और रखरखाव की गुणवत्ता में और सुधार होगा।

**05. हाल ही में राजस्थान सरकार द्वारा किस जिले में कर्मयोगी भवन की स्थापना की जाएगी?**

(A) जोधपुर

(B) जयपुर

(C) अलवर

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- राजस्थान के जयपुर में स्थित लालकोठी में कर्मयोगी भवन बनेगा
- सचिवालय में स्थानाभाव को देखते हुए जयपुर के लालकोठी में प्रस्तावित कर्मयोगी भवन स्थापना की जाएगी RSRDC को निर्माण कार्य शीघ्र प्रारम्भकरने के निर्देश दिए।
- इस भवन के निर्माण से विभिन्न आयुक्तालयों एवं आयोगों के कार्मिकों को सुविधायुक्त कार्यस्थल मिलेगा, जिससे उनकी कार्यकुशलता में वृद्धि भी होगी।

जयपुर, शनिवार, 20 जून, 2026

## सुजस ई प्रश्नोत्तरी-121

1. **असंगठित** क्षेत्र के श्रमिकों का राष्ट्रीय डेटाबेस तैयार करने के लिए केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा 'ई-श्रम पोर्टल' की शुरुआत मूल रूप से कब की गई थी?
(A) 26 अगस्त 2021
(B) 1 मई 2022
(C) 21 अक्टूबर 2024
(D) 15 अगस्त 2023

2. **नवातला** एवं देवीगढ़ में 'रेयर अर्थ एलिमेंट्स' खनिज के एक्सप्लोरेशन का लाइसेंस किस संस्थान या कंपनी को स्वीकृत किया गया है?
(A) सेन्ट्रल माइन प्लानिंग एंड डिजाइन इंस्टीट्यूट
(B) हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड
(C) राष्ट्रीय खनिज विकास निगम
(D) भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण

3. **राज्य** में राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े गंभीर मामलों की त्वरित और प्रभावी सुनवाई के लिए हाल ही में किस विशेष न्यायालय की स्थापना को मंजूरी दी गई है?
(A) सीबीआई
(B) एनआईए
(C) प्रवर्तन निदेशालय
(D) आतंकवाद निरोधक दस्ता

4. **अधिकृत** कौन सा वेब पोर्टल है, जिस पर साइबर अपराध की ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई जा सकती है?
(A) cyberrajasthan.gov.in
(B) cybercrime.gov.in
(C) digitalcomplaint.in
(D) home.rajasthan.gov.in

5. **पंच** गौरव योजना में 'एक जिला - एक उपज' के तहत बांसवाड़ा जिले की उपज कौन सी है?
(A) सीताफल (B) कलौंजी
(C) आम (D) संतरा

**Today, Quiz:**

**Q. हाल ही में राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (RBSE) का नया अध्यक्ष किसे नियुक्त किया है?**

(A) हनुमान सिंह राठौड़

(B) सुधा शर्मा

(C) विनय सिंह राठौड़

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine
SUBSCRIBE
Follow us:

GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

GK Search Engine

FOLLOW ON FACEBOOK

GK Search Engine

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine